गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2019 03.07.2019

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिंग विभाग<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051 | 2. लिस्टिंग विभाग,<br>बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई-400001 |

प्रिय महोदय,

कृपया प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

धन्यवाद,

भवदीय,

for

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

**प्रति** :

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

## गेल ने प्राकृतिक गैस मानचित्र में गोरखपुर को जोड़ा

**प्रेस विज्ञप्ति**

गोरखपुर (उ.प्र.), 3 जुलाई, 2019 : गेल ने प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजना के तहत 165 कि.मि. स्पर लाइन खंड को सफलतापूर्वक कमिशन किया है, जिससे गोरखपुर भारत में प्राकृतिक गैस अवसंरचना द्वारा शामिल हो गया है। यह पूरी तरह से स्वीकृत परियोजना का 30% हिस्सा बनाने वाली प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा की संपूर्ण 750 कि.मी लंबी ट्रंक पाइपलाइन खंड-1 के पूरा होने की चिन्हित करती है । गोरखपुर में गेल का बुनियादी ढांचा आगामी ऊर्वरक संयंत्र और नगर में शहर गैस परियोजना के लिए गैस की आपूर्ति शुरु करने के लिए तत्पर है।

पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राज्यों की सेवा हेतु संशोधित परियोजना रुपरेखा 3,400 कि.मी. से अधिक लंबी है। बरौनी से गुवाहाटी खंड की 730 कि.मी. लंबाईवाला खंड को और आगे भावी पूर्वोत्तर गैस ग्रिड – "इंद्रधनुष" को गैस प्रदान करेगा। प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना (पीएमयूजी) के तहत स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए उद्योगों जैसे उर्वरक, पॉवर, रिफाइनरिज, इस्पात आदि को विकास और प्रगति की ओर बढ़ते हुए स्वचछ सीएनजी आधारित परिवहन के साथ-साथ घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए पीएनजी की सुविधाजनक पहुंच प्रदान करने हेतु स्वच्छ ईंधन प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

श्री बी.सी.त्रिपाठी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,गेल, ने कहा कि "बुनियादी स्तर की चुनौतियों के बीच प्रधान मंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना की अनुक्रमिक कमिशनिंग अत्यंत उत्साहजनक है। गेल समय-सीमा के भीतर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजना को कमिशन करने की अपनी प्रतिबद्ता को पूरा कर रहा है। गेल द्वारा 12,500 करोड रुपए मूल्य से अधिक की सभी पाइपलाइन खरीद और बिछाने संबंधी संविदा को अवार्ड कर दिया है, जिससे भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है।"

श्री त्रिपाठी ने यह भी अवगत कराया है कि दक्षिण क्षेत्र में भी कई मोर्चों पर प्रतिकूल वातावरण के बावजूद, गेल 450 कि.मी. लंबी कोच्चि – कूटानाड -- मंगलूर पाइपलाइन सितम्बर, 2019 तक कमिशन की जाएगी। पिछले माह, पूरे परियोजना मार्ग की लंबाई का 20% पाइपलाइन के खंड-1 को कमिशन किया गया था।